राजधानी में रविवार को श्री श्री राधा गोविंद मंदिर द्वारा कोलार के सर्वधर्म चौराहे से इस्कॉन मंदिर प्रांगण तक भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई।

# खरीफ-2025 फसल बीमा की 1460 करोड़ की राशि 10.54 लाख किसानों के खातों में जारी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ-2025 की दावा राशि के रूप में प्रदेश के 10 लाख 54 हजार किसानों के बैंक खातों में 1460 करोड़ 25 लाख रुपये सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित किए।

जगदीशपुर में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने यह राशि जारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रभावी ढंग से संचालित की जा रही है। प्राकृतिक आपदाओं से फसल नुकसान होने पर यह योजना किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने किसानों से निर्धारित अंतिम तिथि से पहले अधिसूचित फसलों का बीमा कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि मौसम विशेषज्ञों द्वारा इस वर्ष अल-नीनो के प्रभाव के कारण सामान्य से कम मानसून की आशंका जताई गई है। ऐसे में समय पर फसल बीमा कराने से नुकसान की स्थिति में किसानों को वित्तीय सहायता मिल सकेगी।

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने बताया कि प्रदेश में वर्ष 2016-17 से 2024-25 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रभावित किसानों को कुल 30 हजार 942 करोड़ 34 लाख रुपये की दावा राशि का भुगतान किया जा चुका है।

# नरेला विधानसभा को 24.78 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात

## मंत्री विश्वास सारंग ने वार्ड 37 और 38 में भूमिपूजन कर खुले व्यायामशाला का किया लोकार्पण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने रविवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 37 और 38 में 24 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत से होने वाले 10 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कैलाश सारंग पार्क में स्थापित खुले व्यायामशाला का लोकार्पण कर उसे क्षेत्रवासियों को समर्पित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से निरंतर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेला विधानसभा के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

कार्यक्रम में अमृत परियोजना के अंतर्गत सीवेज नेटवर्क विस्तार, पेयजल पाइपलाइन, सड़क, नाली, उद्यान विकास तथा सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इनमें वार्ड 37 में 8 करोड़ 4 लाख रुपये तथा वार्ड 38 में 16 करोड़ 74 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य किए जाएंगे। मंत्री ने बताया कि अमृत परियोजना के माध्यम से आधुनिक सीवेज व्यवस्था का विस्तार किया जा रहा है, जिससे हजारों परिवारों को स्वच्छता, जल निकासी और बेहतर शहरी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के पूर्ण होने से जलभराव और गंदे पानी की निकासी जैसी समस्याओं का स्थायी समाधान होगा।

वार्ड 37 में पुरुषोत्तम नगर, दुर्गा नगर, बापू कॉलोनी, विजय नगर और राजवीर कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में सीवेज लाइन बिछाई जाएगी। इसके साथ ही पुरुषोत्तम नगर और विजय नगर में पेयजल पाइपलाइन विस्तार का कार्य भी किया जाएगा। वार्ड 38 में साईंराम कॉलोनी, सेमरा, शंकर नगर, स्वदेश नगर, एकतापुरी और पंत नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों में सीवेज लाइन, पेयजल पाइपलाइन, सड़क, नाली, पेविंग ब्लॉक, उद्यान की परिधि दीवार, सांस्कृतिक मंच तथा सुलभ शौचालय सहित अनेक विकास कार्य कराए जाएंगे।

इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग ने कैलाश सारंग पार्क में खुले व्यायामशाला का लोकार्पण करते हुए कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उद्यानों में ऐसी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, नगर निगम के अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## मप्र पुलिस का संपत्ति संबंधी अपराधों पर बड़ा प्रहार

**नप्र, भोपाल :** मप्र पुलिस की विभिन्न जिलों ने विगत 6 दिनों में संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय सफलताएं अर्जित की हैं। इस दौरान लगभग 70 लाख से अधिक मूल्य की चोरी गई संपत्ति बरामद करते हुए 33 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कई अंतर्राज्यीय एवं संगठित गिरोहों का पर्दाफाश कर चोरी के प्रकरणों का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया। भोपाल जीआरपी ने ट्रेनों में चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा लगभग 15 लाख मूल्य के स्वर्णाभूषण एवं अन्य चोरी चोरी गयी संपत्ति बरामद की है। यह सफलता तकनीकी विश्लेषण, 250 से अधिक सीसीटीवी फुटेज के परीक्षण एवं सघन विवेचना के आधार पर प्राप्त हुई। पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार की जा रही है।

# श्रेष्ठ नागरिक निर्माण का उपक्रम हैं शिक्षा के मंदिरः मंत्री परमार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** उच्च शिक्षा, मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा संस्थानों को आधुनिक अधोसंरचना, अनुसंधान संसाधनों और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाओं से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

शिक्षा के मंदिर श्रेष्ठ नागरिक निर्माण का सशक्त उपक्रम हैं। शिक्षा का उद्देश्य ज्ञानार्जन के साथ चरित्र, संस्कार, कर्तव्यबोध, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नागरिकों का निर्माण करना है। विकसित भारत-2047 का संकल्प तभी साकार होगा, जब हमारी युवा शक्ति, भारतीय दृष्टि पर आधारित ज्ञान, कौशल, अनुसंधान, नवाचार एवं जीवन मूल्यों के साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएगी।

श्री परमार शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग की विश्व बैंक परियोजना अंतर्गत लगभग 9

करोड़ रुपये की लागत से निर्मित प्राणीशास्त्र, रसायनशास्त्र, वनस्पति विज्ञान एवं भौतिकी की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं के लोकार्पण तथा लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली महाविद्यालय की बाउंड्रीवॉल एवं दो मुख्य प्रवेश द्वारों के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

श्री परमार ने शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय को भोपाल के प्राचीनतम एवं मध्यप्रदेश के गौरवशाली शिक्षण संस्थानों में से एक बताते हुए कहा कि इस प्रतिष्ठित महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले विद्यार्थी और अध्यापन करने वाले प्राध्यापक दोनों ही सौभाग्यशाली हैं। इस संस्थान ने वर्षों से प्रदेश और देश को अनेक उत्कृष्ट वैज्ञानिक, शिक्षाविद, प्रशासक और प्रतिभाशाली नागरिक प्रदान किए हैं।

श्री परमार ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन संस्थान के विकास एवं अधोसंरचना से संबंधित आवश्यकताओं के प्रस्ताव शासन को भेजे । विद्यार्थियों के हितों से जुड़ी प्रत्येक आवश्यकता की पूर्ति करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता और प्रतिबद्धता है। कार्यक्रम के दौरान श्री परमार ने नवीन प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय परिसर स्थित विज्ञान वाटिका में पौधरोपण भी किया। विद्यार्थियों और प्राध्यापकों से आत्मीय संवाद कर उन्हें अनुसंधान, नवाचार, उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। मंत्री श्री परमार ने विश्वास व्यक्त किया कि शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ स्थापित कर विकसित मध्यप्रदेश एवं विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गीता मोदी, डॉ. अलका प्रधान, डॉ. संजय दीक्षित, डॉ. अशोक उपस्थित थे।

# वार्ड 28 और 32 में विकास कार्यों का भूमिपूजन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की श्रृंखला के तहत रविवार को विधायक भगवानदास सबनानी ने वार्ड 28 स्थित संजय कॉम्प्लेक्स गीतांजलि चौराहे की बाउंड्री वॉल पर सुरक्षा ग्रिल तथा वार्ड 32 स्थित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय परिसर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सुदृढ़ आधारभूत ढांचे का विकास और जनकल्याण उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड और गली के विकास के लिए जनता से नियमित संवाद कर उनकी समस्याओं के आधार पर योजनाएं तैयार की जाती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सामुदायिक भवन सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा तथा क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

## छूटी हुई प्रतिभाओं का किया सम्मान

**नप्र, भोपाल :** दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में रविवार को विधायक भगवानदास सबनानी ने प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल नहीं हो सके विद्यार्थियों एवं अन्य प्रतिभाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम उनके 45 बंगले स्थित निवास-कार्यालय में आयोजित किया गया। नवप्रयास सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास समिति द्वारा 12 जुलाई को रवींद्र भवन के हंसध्वनि सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 आयोजित किया गया था। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में 591 प्रतिभाओं का सम्मान किया था।

12 जुलाई को आयोजित समारोह में विभिन्न कारणों से उपस्थित नहीं हो सके विद्यार्थियों और अन्य प्रतिभाओं के लिए रविवार को विशेष सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# हेलमेट जांच के दौरान भाजपा पदाधिकारी और यातायात थाना प्रभारी में तीखी नोकझोंक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में रविवार दोपहर हेलमेट जांच अभियान के दौरान नियंत्रण कक्ष तिराहे पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभय पंडित और यातायात थाना प्रभारी संजय सूर्यवंशी के बीच तीखी बहस हो गई। दोनों के बीच हुई नोकझोंक का वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया।

यातायात पुलिस नियंत्रण कक्ष तिराहे पर हेलमेट जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे एक भाजपा कार्यकर्ता को रोक लिया गया। वाहन चालक ने यातायात थाना प्रभारी से भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभय पंडित की दूरभाष पर बात कराने का प्रयास किया, लेकिन थाना प्रभारी ने बात करने से इनकार कर दिया। इसके बाद अभय पंडित स्वयं मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचते ही दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। अभय पंडित ने यातायात पुलिस पर वाहन चालकों से अवैध वसूली के आरोप लगाए। वहीं यातायात थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि पुलिस नियमों के अनुसार कार्रवाई कर रही है और सरकारी कार्य में किसी प्रकार का हस्तक्षेप उचित नहीं है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से अभद्र व्यवहार न करने और कार्रवाई में बाधा नहीं डालने की चेतावनी भी दी। बहस के दौरान कुछ समय के लिए आसपास लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना का वीडियो सामने आने के बाद यह मामला राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया। यातायात थाना प्रभारी संजय सूर्यवंशी ने बताया कि बिना हेलमेट पकड़े गए वाहन चालक के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। उन्होंने यह भी बताया कि संबंधित चालक के तीन चालान पहले से लंबित थे।

## पति पर मारपीट और धमकी का केस

**नप्र, भोपाल :** मिसरोद थाना क्षेत्र में रितिका शिवहरे ने पति हरीश कटियार पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी हरीश कटियार के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## पैसों के विवाद में मारपीट

**नप्र, भोपाल :** मिसरोद थाना क्षेत्र में पैसों के विवाद पर नीरज यादव से नितेश शर्मा और अभिषेक रैकवार ने गाली-गलौज, मारपीट और धमकी दी। फरियादी नीरज यादव की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की।


**मुख्यालय, राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल, मध्य प्रदेश**
**पुलिस आफिसर मैस के सामने, नूरबाग कैम्प, भोपाल.-462008**

क्रमांक :/13/आ.प्र./2026 **ई-निविदा सूचना** भोपाल, दिनांक : 16/07/2026

मुख्यालय, राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल मध्य प्रदेश, पुलिस आफिसर मैस के सामने, भोपाल द्वारा नीचे दर्शित तालिका अनुसार आनलाईन ई-निविदा https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है-

| स. क्र | उपकरण का नाम | निविदा क्रमांक/ दिनांक | निविदा डायनलोड/ जमा प्रारंभ करने की तिथि | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | साफ-सफाई कार्य | 2026_HCDDM _521798_1 | 16.07.2026 18.00 बजे | 15.08.2026 15.00 बजे | 06.08.2026 15.30 बजे |

01.टेंडर डॉक्यूमेंट्स की कीमत (टेंडर फ़ीस) नॉन-रिफंडेबल है और किसी भी स्थिति में इसमें छूट नहीं दी जा सकती।02. टेंडर तय तारीख और समय के अंदर https://www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर डिविज़नल कमांडेंट SDERF MP, भोपाल के पक्ष में ऑनलाइन जमा करे। टेंडर फ़ीस और EMD वेबसाइट के ज़रिए ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए 03.टेंडर डॉक्यूमेंट्स विभागीय वेबसाइट (www.homeguard.mp.gov.in) पर भी उपलब्ध है।

G 15896/26 (संगीता डी कुमार) डिवीजनल कमांडेण्ट एसडीईआरएफ मुख्या. (म.प्र.)


**जनजागरूकता** *नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 के चौथे दिन ....*

# 1,300 जागरूकता कार्यक्रमः 8 लाख लोगों तक पहुँची पुलिस

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में संचालित राज्यव्यापी नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' को जनता का व्यापक एवं उत्साहपूर्ण समर्थन मिल रहा है। अभियान के चौथे दिन पुलिस ने अपने जनसंपर्क एवं जागरूकता प्रयासों को और अधिक गति देते हुए पूरे प्रदेश में 1,300 से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से 8 लाख 30 हजार से अधिक नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं एवं विभिन्न वर्गों के लोगों तक नशे के दुष्परिणामों का संदेश पहुँचाया गया तथा उन्हें नशामुक्त

जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया गया।

अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में हॉटस्पॉट क्षेत्रों, ग्रामीण अंचलों, शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से नशे के आदी व्यक्तियों को परामर्श एवं पुनर्वास केन्द्रों की जानकारी दी गई। वहीं विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शॉर्ट फिल्म, व्याख्यान, प्रतियोगिताओं, जनचौपाल, नुक्कड़ नाटक, रैलियों, मैराथन, साइक्लोथॉन, हस्ताक्षर अभियान एवं सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

## पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों एवं विशेष सशस्त्र बल इकाइयों की सक्रिय भागीदारी

अभियान में पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों एवं विशेष पुलिस इकाइयों ने भी उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे हैं। पीटीएस सागर एवं जेएनपीए सागर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। पीटीएस रीवा एवं पीटीएस उमरिया में प्रशिक्षणरत नवआरक्षकों ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रभावी संदेश दिया। एमपीपीए भौंरी में नवआरक्षक प्रशिक्षुओं के बीच निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जबकि जीआरपी, विशेष सशस्त्र बल की विभिन्न वाहिनियों एवं अन्य प्रशिक्षण संस्थानों ने रैलियों, मैराथन, व्याख्यान, स्वास्थ्य शिविर एवं जनसंवाद के माध्यम से अभियान को मजबूती प्रदान की। मध्यप्रदेश पुलिस का यह अभियान अब केवल एक शासकीय कार्यक्रम न रहकर जनसहभागिता आधारित सामाजिक जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश के सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा विशेष रूप से युवाओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा है कि सामूहिक प्रयासों से ही नशामुक्त, स्वस्थ, सुरक्षित एवं अपराधमुक्त मप्र का निर्माण संभव है।


**कार्यालय वनसंरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, बैतूल (म0प्र0)**
**पता - वन विद्यालय परिसर कालापाठा बैतूल (म.प्र.) पिन 460001**
E-Mail:-ccfre.btl@mp.gov.in Fax & Phone:-07141-230475

क्रमांक / कक्ष स्टोर/2026/ बैतूल, दिनांक-

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, बैतूल जिले के सामाजिक वानिकी वृत्त, बैतूल के अधीन आने वाली रोपणीयों के अंतर्गत वानिकी निर्माण कार्यों हेतु वर्ष 2026-27 (31.03.2027 अथवा आगामी निविदा होने तक जो भी पश्चातवर्ती होगा) में लगने वाली भंडार सामग्री के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु म.प्र. शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर लॉग ऑन करे।
निवदा प्रपत्र का मूल्य राशि रुपये 1000/- तथा ऑनलाईन सत्यंकार की राशि रुपये 50000/- है। निविदा प्रपत्र ऑन लाईन ही क्रय किया जा सकेंगा एवं निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने पर ही मान्य होगी। निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने संबंधी विवरण निम्नानुसार है-

| क्र | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | publishing Date | 17/07/2026 | निविदा ऑन-लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https:// mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 2 | Document Download/Sale start Date | 17/07/2026 | |
| 3 | Bid submission Start Date | 17/07/2026 | |
| 4 | Bid Submission Closing Date | 06/08/2026 | |
| 5 | Bid Opening Date | 07/08/2026 | |

G15881/26 वनमण्डलाधिकारी सामाजिक वानिकी वृत्त बैतूल